तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 अनुपयोगी होने के बाद कचरे से पट गई करोड़ों की पक्की नहर, लोगों ने ...

## खबर संक्षेप

### जिले के 192 पंचायत और 3 नपं बाल विवाह मुक्त घोषित

**सूरजपुर।** जिले में 480 ग्राम पंचायत में से 192 ग्राम पंचायत एवं 3 नगर पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। इस प्रक्रिया में ग्राम सभा का प्रस्ताव, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पंचायत का प्रमाण पत्र, क्षेत्र के पर्यवेक्षक का अनुमोदन के पश्चात कलेक्टर द्वारा मुक्त ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ को 2029 तक बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के तरफ यह पहला कदम है। समस्त ग्राम पंचायतों के साथ बाकी बच्चे समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद पर विशेष नजर रखने के निर्देश प्राप्त हुए है। कलेक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन, अनुविभागीय अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव संबंधित पुलिस थाना एवं चौकी बाल विवाह रूपी बुराई को सकुल नष्ट करने हेतु नजर बनाए हुए है।

### मैनपाट में दो घरों से 130 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर एवं कमलेश्वरपुर में छापामार कार्रवाई करते हुए दो घरों में अवैध रूप से भण्डारित 130 बोरी धान जब्त किया है। सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से कोचियों एवं व्यवसाइयों ने जगह-जगह अवैध धान भण्डारित किया है। प्रशासन की अलग-अलग टीम को कोचिये द्वारा भंडारित अवैध धान को जब्त कर रही है। अपने घरों में अवैध धान भंडारित करने की सूचना पर सोमवार को टीम ने सपनादर निवासी गुलाब यादव एवं कमलेश्वरपुर निवासी श्यामा यादव के घर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गुलाब यादव के घर से 70 बोरी एवं श्यामा यादव के घर से 60 बोरी कुल 130 अवैध धान जब्त किया गया। जब्त धान का वजन 49 क्विंटल है। संयुक्त टीम ने 10 प्रकरणों में अब तक 1335 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम दिवारपुर गोढ़ीकला भारामुड़ा निवासी दश कुवंर पति युवराज (30 वर्ष) 30 नवम्बर को घर में अकेली थी जबकि पति काम पर तो सास ससुर धान काटने गए थे। इसी दौरान महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पति ने पत्नी पर धारदार खुखरी से किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** पति द्वारा घर से भगाने तथा पत्नी के घर छोड़ कर नहीं जाने पर पति ने धारदार खुखरी से पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोधनपुर वसुंधरा विहार कॉलोनी निवासी सुशीला पाल पति संजीत पाल ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 नवम्बर की शाम घर में थी तभी पति संजीत पाल घर पहुंचा और पत्नी को घर से भगाने लगा। जिस पर पत्नी ने घर से जाने से इंकार कर दी। पत्नी के घर छोड़ कर नहीं जाने पर पति ने अपने पास रखे धारदार नेपाली खुखरी से पत्नी के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़िता ने पुत्र ने साथ घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# तेजी से चल रहा ननि प्रशासनिक भवन का निर्माण, नए साल में होंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम प्रशासनिक भवन के निर्माण के कार्य ने एक बार फिर से तेजी पकड़ ली है। लगभग ढाई करोड़ रुपए की राशि जारी होने के बाद भवन के फिनिशिंग व विद्युतीकरण का कार्य जारी है जबकि पूर्व में इस भवन में 5 करोड़ रुपए खर्च हो चुके है। संभावना जताई जा रही है कि नए साल की शुरुआत में ही नगर निगम अपने नवनिर्मित प्रशासनिक भवन में शिफ्ट हो जाएगा। भवन के निर्माण को समय पर पूर्ण करने के लिए महापौर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

- 7.50 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है निर्माण, 2023 में शुरू हुआ था काम

बता दें कि नगर निगम ने नवीन प्रशासनिक भवन का निर्माण गौरव पथ में किया जा रहा है। प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए पूर्व की सरकार ने वर्ष 2019 में स्वीकृति प्रदान की थी और 5 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी लेकिन प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु स्थल चयन नहीं हो पाने के कारण निर्माण कार्य भी अधर में लटक गया था। ननि सरकार ने गौरव पथ किनारे भूमि पर प्रशासनिक भवन निर्माण का निर्णय लेने के बाद वर्ष 2023 में टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर 4 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से प्रशासनिक भवन के निर्माण का कार्य शुरू कराया था लेकिन निर्माण में हुई देरी के साथ ही विभिन्न कारणों से इसकी लागत बढ़ गई थी। निर्माण हेतु राशि खत्म होने के बाद निर्माण कार्य प्रभावित हो गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद ननि सरकार ने फिर से भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। लम्बे इंतजार के बाद शासन से लगभग ढाई करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। इसमें से 89 लाख रुपए विद्युतीकरण कार्य के लिए है जबकि शेष डेढ़ करोड़ रुपए सिविल वर्क के लिए प्रदान किए गए। राशि मिलने के बाद एक बार फिर से कार्य में तेजी आई है। अधिकारियों का कहना है कि भवन में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है। वर्तमान में फिनिशिंग, फॉल सीलिंग, केबिन बनाने, बाउंड्रीवाल का काम चल रहा है। इसके बाद पेंट पुट्टी सहित अन्य कार्य किए जाने है। अधिकारियों ने ठेकेदार को भवन निर्माण का कार्य दिसम्बर अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि नए साल की शुरुआत में नगर निगम का प्रशासनिक कार्यालय अपने नव निर्मित भवन में संचालित होगा।

निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन।

### बेसमेंट पार्किंग के साथ बनाया गया भवन

नगर निगम के प्रशासनिक भवन का संचालन वर्ष 2005 से पानी टंकी के नीचे तंग कमरों में हो रहा है लेकिन अब शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही ननि के प्रशासनिक भवन के विस्तार की भी जरूरत महसूस हो रही थी। यही वजह है कि पिछली सरकार ने प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की थी। ननि के प्रशासनिक भवन का निर्माण लगभग 70 डिसमिल भूमि पर कराया जा रहा है। ख़ास बात यह है कि ननि के नवनिर्मित भवन में बेसमेंट पार्किंग की सुविधा है जबकि ऊपर ग्राउंड फ्लोर के साथ ही दो मंजिल होगी। इस भवन में एमआईसी सामान्य सभा के लिए विशाल सभाकक्ष का निर्माण कराया जा रहा है वहीं वीसी और अन्य विभागीय बैठकों के लिए भी एक कक्ष है। भवन में महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, एमआईसी सदस्यों, आयुक्त के लिए कमरे होंगे। वहीं विभागों के संचालन हेतु पार्टीशन के साथ केबिन का निर्माण किया जाएगा।

### डेढ़ करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता

नगर निगम के प्रशासनिक भवन के लिए अब तक लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए की राशि जारी हो चुकी है और इससे निर्माण कार्य भी जारी है लेकिन बताया जा रहा है कि अभी भी लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की राशि कम पड़ रही है। नगर निगम के नवीन प्रशासनिक भवन में एक सर्व सुविधा युक्त मीटिंग हाल के साथ ही अन्य सुविधाएं विकसित की जानी है। वर्तमान में जब निर्माण कार्य चल रहा है तो राशि मिलने पर इस कार्य को भी कराया जा सकता है जिससे आने वाले समय में प्रशासनिक भवन और भी भव्य रूप ले सकेगा।

### जनवरी में होंगे शिफ्ट

प्रशासनिक भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए है। लगभग 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है और उम्मीद है कि हम नए साल में अपने नवीन प्रशासनिक भवन में शिफ्ट हो जाएंगे।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर, ननि

## गुंडागर्दी से आक्रोशित नगरवासियों ने कराया नगर बंद

# वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हुए मामूली विवाद ने लिया साम्प्रदायिक रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शादी समारोह में दो पक्षों में हुए मामूली विवाद ने सांप्रदायिक रंग के लिया। मारपीट और थाने में कराए गए समझौता के बाद भी एक पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से उरांव समाज भड़क उठा। इस दौरान उरांव समाज ने बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों द्वारा बस्ती में घुसकर गाली गलौज, मारपीट का आरोप लगाया। देर रात उत्पात मचाने के बाद लोग फरार हो गए। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने थाने का घेराव करने के साथ ही रात में लगभग तीन घंटे तक चक्का जाम किया। वहीं मंगलवार को भी कार्रवाई नहीं होने व पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर समाज के लोगों ने नगर बंद करने के साथ ही चक्का जाम व धरना प्रदर्शन किया। इस आंदोलन को क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो ने भी समर्थन दिया। दिनभर चले आंदोलन के बाद 13 लोगों की गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ।

**खास बात**

- हजारों की संख्या में लोग उतरे सड़क पर

बताया जा रहा है कि शनिवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 14 में स्थानीय और ग्राम रायकेरा टोकोपारा के युवकों में मामूली विवाद पर मारपीट हो गया था। इस घटना के दूसरे दिन रायकेरा टोकोपारा के युवक गुट बनाकर वार्ड क्रमांक 14 में पहुंचे थे जहां दोनों गुटों में फिर जमकर मारपीट हुई। सोमवार को यह मामला तब ज्यादा गरमा गया जब रायकेरा टोकोपारा से मुस्लिम समाज के युवक काफी संख्या में थाने पहुंचे जहां उन्होंने मारपीट करने वाले स्थानीय युवकों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद सारे युवक बाइक एवं चार पहिया में सवार होकर वार्ड क्रमांक 14 पहुंच गए और गाली गलौज और मारपीट की। लगभग आधे घंटे तक वार्ड में आतंक मचाने के बाद सभी हथियारबंद युवक मौके से फरार हो गए। वार्ड में दहशत और मारपीट की घटना की खबर आग की तरह पूरे शहर में फैल गई और कुछ ही देर में वार्डवासियों समेत सैकड़ो की संख्या में लोग रात को सड़कों पर उतर आए और थाने का घेराव कर दिया। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने थाने में जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद भी लोगों का गुस्सा शांत नही हुआ और पूरी भीड़ थाने के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए रात 10.30 नेशनल हाईवे क्रमांक 43 जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए थे। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों मौके पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को रवाना किया। घंटों की समझाइश और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद देर रात 2 बजे चक्का जाम समाप्त हुआ।

विरोध प्रदर्शन करते नगरवासी।

### सुबह कराया नगर बंद, विधायक ने दिया समर्थन

देर रात तक चले आंदोलन के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी, उनका जुलूस निकालने जैसी मांगों को लेकर मंगलवार की दोपहर 12 बजे से नगर बंद कर दिया गया। इस नगर बंद को व्यापारी संघ व हिन्दू संगठनों का भी समर्थन मिला। नगर बंद के लिए रैली निकाली गई और थाने के सामने चक्का जाम किया गया। चक्काजाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई थी। सवारी बस एवं मालवाहक गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से आना जाना कर रही थी। लगभग तीन घंटे तक चले चक्का जाम के दौरान मौके पर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाईस दी। इस दौरान लोगों का कहना था कि पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया और लापरवाही दिखा। पार्षद व नपं उपाध्यक्ष विक्की नामदेव ने बताया कि वार्डवासियों ने इस घटना की आशंकता जताई थी लेकिन सूचना के बाद भी पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। मौके पर पहुंचे एएसपी व विधायक की समझाइश के बाद दोपहर 3.30 बजे चक्का जाम व आंदोलन समाप्त हुआ।

### इनकी हुई कार्रवाई

मौके पर पहुंचे एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि इस मामले में अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस ने मामले में हीरालाल कुजूर आ. दिलबहार कुजूर 23 वर्ष, छोटू खान आ. बसिउद्दीन खान 24 वर्ष, आशिक खान आ. रोशन खान 20 वर्ष, सुहेल खान आ. जाबिर खान 24 वर्ष, अनिल कुजूर आ. दिलबहार कुजूर 18 वर्ष, रेसालत खान आ. नेसार खान 22 वर्ष, बाबू आलम आ. बबलू आलम 24 वर्ष, फैजुल्ला खान आ. जहिरुल्ला खान 33 वर्ष, मुरतजा आ. शब्बीर 28 वर्ष, मोहसिन खान आ. साफर खान 21 वर्ष, जावेद अहमद आ. खुरशाद अहमद 25 वर्ष, शाबिर हसन आ. जमालुद्दीन 36 वर्ष एवं अतीक खान आ. अमीन खान 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 191(1), 191(3), 190, 331(7) एवं एसटी-एससी एक्ट की धारा 3 (2) (5) (क) समेत 152, 61 के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही फरार चल रहे आरोपियों की तलाश जारी है।

# चक्रवाती तूफान हुआ कमजोर, दो दिन बाद होगा ठंड का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अब कमजोर पड़कर अवदाब में बदल गया है। मौसम विज्ञानी बुधवार को तूफान के समाप्त होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तूफान के खत्म होने के बाद भी आगामी दो दिनों तक कहीं-कहीं बादलों की आवाजाही जारी रहने एवं तूफान के प्रभाव से आई नमी के सूखने के बाद कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जता रहे हैं।

हालांकि सरगुजा में चक्रवाती तूफान का खास असर देखने को नहीं मिला है। सोमवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही न्यूनतम तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को बादल छंटने के साथ ही पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चली वही न्यूनतम तापमान में भी आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों में तूफान के प्रभाव से वातावरण में मौजूद नमी सूखने के बाद एक बार फिर ठंड के पलटवार करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में उत्तर भारत का मौसम साफ है तथा जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने के कारण तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में दो दिनों बाद पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। नवम्बर के महीने में लगातार 11 दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ी तथा न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री तक पहुंच गया था। इस बार उत्तर की हवाएं बर्फ की ठंडक लेकर पहुंचेगी जिससे तापमान में और अधिक गिरावट होने एवं हड्डियों को गलाने वाली ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। वैसे भी सरगुजा में दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में भीषण ठंड पड़ती है। उत्तर भारत में फिलहाल एक पछुआ विक्षोभ भी सक्रिय है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि अब तापमान में वृद्धि होने की संभावना नहीं है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए की हुई ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पहले वन विभाग और फिर हॉस्टल अधीक्षक पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर नगर के युवक से आठ लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने आज दूसरे आरोपी सीआरपीएफ जवान रामेश्वर प्रसाद पिता जूजूरती 38 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है वह वर्तमान में सीआरपीएफ के 52 बटालियन जम्मू में पदस्थ बताया गया है इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही न्यायालय पेश कर चुकी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर निवासी प्रार्थी हमिद अहमद पिता स्वर्गीय वहीद अहमद कुरैशी ने पिछले दिनो रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनकी मुलाकात क्रिकेट खेलने के दौरान नगर के ही रामेश्वर प्रसाद से हुई थी, जो कि रामेश्वर वर्तमान में सीआरपीएफ की 52 वीं बटालियन जम्मू सेक्टर में पदस्थ है। वर्ष 2021 में छुट्टी पर घर आने के दौरान उसने प्रार्थी से नौकरी को लेकर बातचीत की और भरोसा दिलाया कि वह अपने जान-पहचान के जरिए उसकी नौकरी लगवा सकता है।रामेश्वर ने प्रार्थी को अपने परिचित बलरामपुर जिले के राजपुर निवासी संतोष सिंह से मिलवाया। संतोष सिंह ने यह कहकर विश्वास दिलाया कि उसका फॉरेस्ट विभाग सहित कई सरकारी विभागों में अच्छा परिचय है और वह पहले भी कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है। उसने प्रार्थी से कहा कि फॉरेस्ट विभाग में नौकरी दिलाने के लिए उसे 5 लाख रुपए देने होंगे। भरोसा कर प्रार्थी ने फोन पे और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से अलग अलग समय में संतोष सिंह के खाते में 395000 रुपए और रामेश्वर प्रसाद को 44000 रुपए दिए। कुल 439000 रुपए देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। जब प्रार्थी हमिद ने पैसे वापस मांगे, तब संतोष सिंह ने कहा कि अब वह उसे हॉस्टल अधीक्षक की नौकरी दिलवाएगा। इस भरोसे में हमिद ने फिर से परीक्षा दी और परिणाम आने पर जब उसका नाम नहीं आया, तब भी संतोष सिंह ⏭ शेष पेज 3 पर

- आरोपी सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराते हुए घर में जा घुसी, चालक की मौत

**बिश्रामपुर।** रविवार को हुए सड़क हादसे में कार चला रहे युवक की दर्दनाक मौत हो गई,घटना 30 नवंबर के शाम सात बजे आसपास की बताई गई है।पुलिस ने प्रार्थी रामकुमार सिंह की रिपोर्ट पर मृतक कार चालक सत्येंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।दर्ज रिपोर्ट में प्रार्थी रामकुमार सिंह 29 वर्ष निवासी धरती पारा ने बताया कि मृतक सत्येंद्र हुंडई कार क्रमांक डब्लू बी 06बी 3967 से शाम करीब सात बजे खोपा से वापस धरती पारा अपने घर आ रहा तभी रास्ते में धरती पारा मेन रोड में ही उक्त कार को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए धरती पारा में सड़क किनारे पेड़ से टकरा कार लक्ष्मण चौधरी के घर में घुस गई जिससे उसका मकान क्षतिग्रस्त हो गया।घटना में कार चला रहा सत्येंद्र कार के अंदर फंस गया गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बाद में कार से शव को निकाल बिश्रामपुर अस्पताल भेजा गया।शव पंचनामा पीएम उपरांत बॉडी परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना से मृतक के गांव में शोक व सन्नाटा पसरा है।

## नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज मानकों के अनुरूप दस्तावेजों की गहन समीक्षा

# गुणवत्ता निरीक्षण के लिए पहुंचे केंद्रीय अफसर बिश्रामपुर लैब को मिला सकरात्मक फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्रीय कोयला एवं गैस जांच प्रयोगशाला में नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के वरिष्ठ असेसर गुणवत्ता निरीक्षण हेतु नरेश शर्मा पहुंचे ,लैब में प्रवेश करने पश्चात नरेश शर्मा ने नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज मानकों के अनुरूप दस्तावेजों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने परीक्षण प्रक्रिया,रिकॉर्ड-कीपिंग,कैलिब्रेशन डेटा, सुरक्षा मानकों और रिपोर्टिंग फॉर्मेट तक को ध्यान से परखा,इसके बाद वे सीधे उपकरण अनुभाग की ओर बढ़े,जहां उन्होंने हर एक मशीन को परखते हुए उसकी कार्यक्षमता,रखरखाव और संचालन की प्रणाली का निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर लैब अपनी गुणवत्ता,अनुशासन और पारदर्शिता के मानकों पर बिल्कुल खरा उतरती है,यहां की टीम का प्रोफेशनल रवैया सराहनीय है।गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को विशेष प्रशंसा पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया,पुरस्कार लेने दौरान कर्मचारियों के चेहरों पर आत्मविश्वास दिखा,इसी क्रम में गुणवत्ता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता समारोह में कोल कर्मियों के मन में ऊर्जा का संचालन हूआ,सही परीक्षण सही भविष्य,क्वालिटी हमारी पहचान जैसे नारे पढ़कर सभा में मौजूद लोगों को सुनाकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया गया,विजेताओं को श्री शर्मा के हाथों पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज असेसर का मार्गदर्शन और निरीक्षण न केवल तकनीकी गुणवत्ता की पुष्टि करता है,बल्कि टीम को बेहतर कार्य करने का निरंतर प्रेरणास्त्रोत भी हैकर्मचारियों ने भी खुलकर बताया कि ऐसे निरीक्षण से न सिर्फ कार्यप्रणाली सुधरती है बल्कि आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ जाता है,नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के असेसर का सकारात्मक फीडबैक कर्मचारियों के लिए नई ऊर्जा बनकर सामने आया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 6 वीं प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

**बैकुण्ठपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर के प्राचार्य के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन किए गए अभ्यार्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे कोरिया जिले के 5 एवं एमसीबी जिले के कुल 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। प्रवेश पत्र नहीं होने पर परीक्षा में समिलित नहीं होने दिया जाएगा।

### एसआईआर कार्य को गंभीरता से कराएं

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की निदेशिका और युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को

लेकर एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि एसआईआर सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि हर नागरिक की पहचान और अधिकार से जुड़ा सबसे अहम पहलू है, जिसे मजाक में लेना आने वाले समय में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पूनम सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 की सर्वे सूची इसी पुनरीक्षण के आधार पर तैयार होगी और आने वाले वर्षों में मतदान से लेकर सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्रों और दस्तावेजों में भी यही अद्यतन सूची महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा में लोग अपने परिवार के सदस्यों के फॉर्म भरकर जमा नहीं कराते और बीएलओ उन्हें ऑनलाइन अपडेट नहीं कर पाते हैं तो कई लोग भविष्य में मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं, इससे ना केवल मतदान का अधिकार प्रभावित होगा बल्कि कई सरकारी सुविधाएं भी बाधित हो सकती हैं। पूनम सिंह ने जिले के नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक फॉर्म नहीं बल्कि आपका अधिकार, आपकी पहचान और भविष्य की तैयारी है।

### सूर्यघर योजनाः वेंडरों से मिलेगी जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बिजली विभाग को तत्परता से पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ लेने वाले लोगों को अधिकृत वेंडरों के नाम और संपर्क नंबर तुरंत उपलब्ध कराए जाएं, ताकि हितग्राही सीधे उनसे संपर्क कर सकें और प्रक्रिया में तेजी आए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए जिले में काफी संख्या में लोग ऑनलाइन पंजीयन करा रहे हैं। हितग्राहियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों की सूची एवं उनके संपर्क नंबर जारी किए गए हैं।

### गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में संशोधन 15 तक

**बैकुण्ठपुर।** गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित प्रविष्टियों में संशोधन की अवधि को शासन ने एक बार फिर बढ़ा दिया है। पहले यह समय-सीमा 30 नवंबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 दिसंबर तक कर दिया गया है। शासन ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत आवश्यक संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि सर्वे की प्रविष्टियां शुद्धता के साथ समय पर तैयार की जा सकें। इसके साथ ही कैरीफारवर्ड, डूबान क्षेत्र एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में समितियों को उपलब्ध कराए जाने वाले प्रावधान की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित थी।

**वर्षाऋतु में दृश्य होता है भव्य व मनोहारी** — **घने जंगलों के बीच है स्थित, काफी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक**

# कर्म घोंघा जलप्रपात : प्राकृतिक सौंदर्य और अध्यात्मिक विरासत का है केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित कर्म घोंघा जलप्रपात इन दिनों जिले का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। हसिया नदी का लगभग 100 फीट ऊंचाई से गिरता जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और फुहारों की मधुर अनुभूति से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वर्षा ऋतु में इसका भव्य दृश्य और अधिक मनोहारी हो जाता है।

जलप्रपात के समीप स्थित कर्मघोघेश्वर धाम इस स्थल की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाता है। वर्ष 1986 में कटनी (म.प्र.) के कैलाश नारायण श्रीवास्तव द्वारा निर्मित यह मंदिर परिसर भगवान शिव, हनुमान जी और मां दुर्गा की प्रतिमाओं से सुशोभित है। महाशिवरात्रि पर कोरिया -एमसीबी जिले सहित पड़ोसी अनूपपुर (म.प्र.) से काफी

संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पर्यटन/पुरातत्व अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि कर्म घोंघा क्षेत्र प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। पक्की सड़क निर्माण के बाद यहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ी है, जिससे इसे एक संगठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना आवश्यक हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यहां बुनियादी सुविधाएं सुरक्षित पाथवे, व्यू-पॉइंट, संकेतक बोर्ड, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधन और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराए जाएं तो यह स्थल जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा। इसके साथ ही ट्रेकिंग, नेचर वॉक, रॉक क्लाइम्बिंग, फोटोपॉइंट और पिकनिक जोन जैसी गतिविधियां इसे और आकर्षक बना सकती हैं।

संगठित पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए स्वरोजगार और दुकानों गाइड सेवाओं जैसी संभावनाएं भी बढ़ेंगी। साथ ही प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र, कचरा प्रबंधन और जल वन संरक्षण जैसी व्यवस्थाएं इसे एक टिकाऊ इको-टूरिज्म साइट के रूप में स्थापित कर सकती हैं। कर्म घोंघा जलप्रपात मात्र एक पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म का संगम है। प्रशासन, पर्यटन विभाग और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से यह स्थल जिले का सबसे आकर्षक पर्यटन केन्द्र बन सकता है।

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग ने बनाई नजर**

# बैकुंठपुर क्षेत्र पहुंचा 11 हाथियों का दल

**बैकुंठपुर/कटगोड़ी।** कोरिया जिले के देवगढ़ रेंज के वन परिक्षेत्र में 11 हाथियों का दल लगातार मूवमेंट कर रहा है। यह दल विशुनपुर होते हुए ग्राम पंचायत दामूज के पास दुधनिया क्षेत्र से लगा और सेमरखाड़, हरियर तथा आसपास के छग प्लांटेशन क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं।

रात के समय हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका के चलते ग्रामीण दहशत में हैं और पूरी रात जागकर गश्त करने को विवश हैं। वन विभाग के कर्मचारियों ने अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें और रात के समय जंगल की ओर न जाएं। हाथियों की लगातार गतिविधि से आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। वहीं 11 सदस्यीय हाथियों की लगातार मौजूदगी से क्षेत्र में तनाव और भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से अतिरिक्त पेट्रोलिंग और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।



विचरण कर रहा हाथी।

**रतजगा कर रहे ग्रामीण**

कोरिया जिले के देवगढ़ रेंज के बैकुंठपुर वन परिक्षेत्र में इन दिनों 11 हाथियों का दल लगातार मूवमेंट कर रहा है। हाथियों की आवाजाही ग्राम विशुनपुर, दामूज, दूधनिया और सेमरखाड़ के आसपास देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात के समय हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका से ग्रामीण पूरी रात जगा-जगा कर निगरानी (नाइट पेट्रोलिंग) कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथियों का दल खेतों और आसपास के जंगल क्षेत्रों में घूम रहा है, जिससे फसल और घरों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

**ग्रामीणों को सर्तक कर रहा विभाग**

वन विभाग कोरिया की टीम द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़ इकट्ठी न करें, हाथियों के निकट न जाएं और किसी भी स्थिति की जानकारी तुरंत बीटगार्ड या वन अमले को दें।

# बिना लाइसेंस धान खरीदी, 40 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धान उर्पाजन प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा की जा रही सतत निगरानी के बीच पटना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई है।

■ गोदाम सील

ग्राम पटना के गायत्री चौक में स्थित प्रदीप साहू की दुकान में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदी की जा रही थी। सूचना मिलने पर पहुंची जांच टीम ने मौके से 40 बोरी धान जब्त किया। अधिकारियों ने अवैध खरीदी की पुष्टि होने पर दुकान में रखे गोदान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। टीम द्वारा दुकान संचालक

से आवश्यक दस्तावेजों की मांग की गई, परंतु वैध लाइसेंस और खरीदी संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जिले में धान खरीदी को सुव्यवस्थित रखने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए अवैध धान खरीदी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अनाधिकृत खरीदी-फरोख्त में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में संदेश गया है कि उपार्जन व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपना धान केवल वैध उपार्जन केन्द्रों में ही बेचें।

## धौरा टिकिरा में 27 बोरी रिजेक्ट, जामपारा में 14 क्विंटल धान जब्त

जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध एवं मानक से बाहर धान के मामलों में कार्रवाई की गई।

धान खरीदी केन्द्र धौराटिकिरा में जांच के दौरान 27 बोरी धान को रिजेक्ट किया गया। गुणवत्ता परीक्षण में निर्धारित मानकों पर खरा न उतरने पर समिति ने इसे खरीदी के लिए अनुपयुक्त पाया। इसी प्रकार धान खरीदी केन्द्र जामपारा में 14 क्विंटल पुराना धान पकड़ा गया। धान के पुराने

होने और मानक के अनुरूप न होने के कारण इसे जब्त कर समिति के सुपुर्द किया गया। संबंधित जानकारी सपर्क ऐप में सबमिट कर दी गई है। वहीं सरभोका चौक स्थित साहू किराना स्टोर्स से लगभग 300 बोरी धान की जब्ती की गई। प्रारंभिक जांच में धान के अवैध भंडारण और बिक्री की आशंका व्यक्त की गई है। मामले को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से धान की खरीद-बिक्री, भंडारण या पुराने धान की आपूर्ति करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अपने वैध टोकन और पंजीयन के अनुसार ही धान लेकर उपार्जन केन्द्रों में आएं।

# कन्या शाला का स्पेस लैब बना आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर का स्पेस एजुकेशन लैब इन दिनों पूरे जिले में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्थापित ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला स्पेस एजुकेशन लैब का उद्घाटन बीते 7 अक्टूबर को राज्यपाल द्वारा किया गया था। उद्घाटन के बाद से ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा इस लैब का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। अब तक 1500 से अधिक विद्यार्थी स्पेस लैब का भ्रमण कर चुके हैं। भ्रमण करने वाले विद्यालयों में माध्यमिक शाला पुलिस लाइन, माध्यमिक शाला भाड़ी, ठाकुर अजय सिंह विद्यालय बैकुंठपुर, माध्यमिक शाला उरूमदुगा, माध्यमिक शाला जमगहना, माध्यमिक शाला जनकपुर, माध्यमिक शाला कुड़ेली, ज्ञानकुंज तथा डीपीएस विद्यालय बैकुंठपुर के छात्र-छात्राएं

शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य एएल गुप्ता ने बताया कि यह स्पेस लैब छात्रों की जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह सुविधा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं से जोड़ रही है। स्पेस लैब के माध्यम से छात्र-छात्राएं व्यवहारिक प्रयोगों के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान को और बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं। स्पेस लैब प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे तथा सहयोगी शिक्षिका श्रीमती अनुश्री देव द्वारा विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को स्पेस लैब के अंतर्गत मौजूद विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट, रॉकेट मॉडल, सैटेलाइट डेमो, टेलीस्कोप, थ्री डी प्रिंटर, वर्चुअल रियलिटी उपकरण, रोबोट एवं मॉडल किट की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। लैब में मौजूद वर्चुअल रियलिटी सिस्टम विशेष आकर्षण का केन्द्र है। बच्चे और शिक्षक/शिक्षिकाएं इसके माध्यम से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग प्रक्रिया को थ्री डी अनुभव के साथ देखते हुए अत्यंत आनंदित होते हैं। यह स्पेस लैब नई पीढ़ी को प्रेरित कर रही है ताकि वे भविष्य में अंतरिक्ष वैज्ञानिक, इंजीनियर, टेक्नोलॉजिस्ट अथवा शोधकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। विद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई कि यह परियोजना जिले में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि को और अधिक प्रोत्साहित करेंगी।

### युवक के हाथ पैर की उंगली समेत दूसरे अंगो को काटकर जला दी लाश

**कोरबा।** एक 40 से 45 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। हत्यारों ने उसके चारों हाथ पैर के उंगलियों को काटने के बाद उसके गुप्तांग को भी काट दिया है और उसकी पहचान छुपाने के लिए लाश को जला दिया गया है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम व फॉरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम व खोजी डाग बाघा के साथ पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जब तक युवक की शिनाख्त नहीं हो जाती तब तक पुलिसया जांच रफ्तार नहीं पकड़ेगी। इसलिए पुलिस फिलहाल मृत युवक की पहचान कार्यवाही में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ। लाश मिलने की सूचना पर करतला पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने शुरू किए। पुलिस फॉरेंसिक व खोजी डाग बाघा की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पुलिस साक्ष्यों को जुटाई है।

# नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए जल जीवन मिशन पर प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में 1 दिसंबर को नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

इस महत्वपूर्ण सत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने पेयजल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, संधारण तथा ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित जल व्यवस्था की प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने छग शासन के राजपत्र में उल्लेखित प्रावधानों, पेयजल प्रणालियों के प्रमाणीकरण एवं सत्यापन की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। इसके साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण की विधि, जल प्रदूषण रोकथाम, अवसंरचना के नियमित रख-रखाव और ग्रामवासियों की सहभागिता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। जल संरक्षण के महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। सत्र में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी सरपंचों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की और प्राप्त ज्ञान को ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**किसानों को बिना परेशानी खरीदी सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# खाद्य, मार्कफेड व सहकारिता अधिकारियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में चल रही खरीदी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। समय-सीमा बैठक से पहले आयोजित इस समीक्षा में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब कर खरीदी की वास्तविक स्थिति जानी।

कलेक्टर ने जानकारी ली कि अवैध या संदेहास्पद धान खरीदी केन्द्रों तक पहुंचने पर किस प्रकार जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि धान लेकर आने वाले वाहनों और चालकों की फोटो अपलोड की जा रही है या नहीं, धान की गुणवत्ता परीक्षण कितनी पारदर्शिता से हो रहा है, तथा भूमि स्वामी के पट्टा, ऋण पुस्तिका और रकबा समर्पण की जांच कितनी सजगता से की जा रही है।

नोडल अधिकारियों की बैठक लेतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, यह सुनिश्चित करना हर अधिकारी और समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी है। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने खाद्य, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप धान खरीदी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और सुगमता के साथ संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में बारदाना की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सरकार किसानों के एक-एक दाने की खरीदी के प्रति प्रतिबद्ध है, परंतु फर्जी, बोगस और अवैध धान खरीदी पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा।

उन्होंने 15 नवंबर से अब तक केन्द्रवार खरीदी गई धान की मात्रा की भी जानकारी ली और कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फर्जी व अवैध धान बिक्री तथा परिवहन पर कड़ी नजर रखें। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि किसानों को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में संपन्न हों। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, श्रीमती दीपिका नेताम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 104 हितग्राहियों को 12.48 लाख की राशि हस्तांतरित

**बैकुण्ठपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कोरिया जिले में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके 104 हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 12 हजार रूपए प्रति हितग्राही की दर से कुल 12 लाख 48 हजार की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह राशि जिले की दोनों जनपद पंचायतों के लाभार्थियों को प्रदान की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की जिला समन्वयक ने बताया कि जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और खुले में शौचमुक्त (ओडीएफ) स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों की मदद से लाभार्थियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किया और जनपद पंचायत में कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। निर्माण कार्यों की जांच के बाद सभी 104 लाभार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि स्थानांतरित कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष पात्र हितग्राहियों के निर्माण कार्यों का सत्यापन कर समयबद्ध रूप से राशि भुगतान सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### विद्या निकेतन सरहरी के छात्र-छात्राओं किया मैनपाट का शैक्षणिक भ्रमण

**पोड़ीमोड़।** विद्या निकेतन सरहरी के छात्र-छात्राओं को मैनपाट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने कहा मैनपाट को सिर्फ पुस्तक में ही पढते थे लेकिन आज भ्रमण करने अवसर मिला है जिससे हम सभी लोगों को बहुत कुछ सिखने को मिला, प्रकृति की मनोरम दृश्य देख कर बहुत खुश हुए। स्कूल के प्रधान पाठक सुमन कुशवाहा द्वारा मैनपाट का सैर कराया गया, बच्चों ने जलजली में खुब उछल - कूद की। साथ ही भ्रमण के दौरान मैनपाट के सभी प्वाइंट को देखे। ब्रिज मोहन सोनपाकर ने बताया कि मैनपाट छत्तीसगढ़ का शिमला है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक ठंड मैनपाट में ही लगता है।उल्टा पानी को बच्चों ने देख कर आश्चर्यचकित हो गए। कुमारी प्रार्थना, रागिनी मिश्रा व अन्य सभी छात्र छात्राओं ने कहा कि हम लोग सिर्फ किताबों मैनपाट को पढते थे लेकिन आज प्रत्यक्ष रूप से मैनपाट का भ्रमण किए बहुत ही अच्छा लगा। बच्चों ने मैनपाट में बसे तिब्बतियों से मुलाकात की और बुद्ध मंदिर का भी दर्शन किया। इस दौरान आकांक्षा चौबे, ब्रिजमोहन सोनपाकर, काजल कुशवाहा, रुपा सिंह, दुर्गेश्वरी कुशवाहा, प्रिया सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच और उनकी शक्ति है : परवेज आलम गांधी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर सहित उन सभी महान निर्माताओ का नमन करता हूं जिन्होंने हमें प्रगतिशील, समावेशी और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों का सम्मान और जनता के अधिकारों की सुरक्षा ही हमारे राष्ट्र की असली शक्ति है। संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है। संविधान एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक की गरिमा, अधिकारों और समानता की नींव है।

## पेज 1 के शेष...

### भारी हंगामे और विरोध...

ग्राम सभा हुई। मैनपाट में बॉक्साइट उत्खनन से पर्यावरण को सीधा नुकसान होगा और जल स्त्रोत पर इसका असर पड़ेगा। कंपनी खनिज निकालकर बड़े बड़े गड्ढे छोड़कर चली जाती है। खनन से मैनपाट में पर्यटन को नुकसान होगा और यहां के भोले भाले आदिवासियों का शोषण किया जाएगा। भारी गहमा गहमी और हंगामे के बीच देर शाम तक जन सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें 277 लोगों ने मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार रखे है।

### नौकरी लगाने के नाम पर...

ने झूठा आश्वासन दिया कि काउंसलिंग में नाम आ जाएगा। इसी बीच संतोष सिंह ने नौकरी पक्की करने के बहाने फिर से 320000 रुपए प्रार्थी हमिद से 50000 रुपए लिए और रामेश्वर प्रसाद ने भी नकद ले लिए। इस तरह कुल 809000 रुपए की ठगी युवक से दोनों ने मिलकर कर ली। प्रार्थी ने बताया कि जब उसने बार-बार पैसे लौटाने की बात की, तब संतोष सिंह ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के दो चेक दिए, लेकिन खाते में पैसे नहीं होने की बात कहकर चेक जमा न करने की सलाह देता रहा। अंततः प्रार्थी हमिद ने मामले की शिकायत थाना में दी, जिस पर पुलिस ने मामले में धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।पुलिस ने पिछले दिनो संतोष सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया था आज दूसरे फरार आरोपी सीआरपीएफ जवान रामेश्वर प्रशाद को बिश्रामपुर ने पुलिस ने आज उसके बिश्रामपुर में परिचित के यहां आने की सूचना पर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।




## 14 करोड़ की लागत से बन रही जजावल मार्ग

# गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क निर्माण करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जजावल मुख्य मार्ग की हालात दयनीय और जर्जर होने तथा क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण किए जाने की मांग पर कुछ माह पूर्व ही करोड़ो की लागत से सड़क निर्माण शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि लंबे समय बाद क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण शुरू किया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया। आलम है कि सड़क निर्माण कार्य मलबे से डब्ल्यूबीएम कर किया जा रहा है जिसे देख क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने सड़क की गुणवत्ता की जांच तथा ठेकेदार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नही होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**खास बात**
- घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चंदौरा–पकनी–जजावल मार्ग पर 14 करोड़ रुपए से कुछ माह पूर्व ही 14 किलोमीटर सड़क निर्माण शुरू किया गया। ग्रामीणों की 20–25 साल से लंबित मांग पर शुरू हुआ यह निर्माण अधिकारियों के देखरेख के अभाव में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क में जेसीबी से निकाला गया पुराना मलबे को ही वापस भरकर डब्ल्यूबीएम जेसीबी से तैयार किया जा रहा है। ऐसे में न तो गुणवत्ता की चिंता और न ही मानक अनुरूप निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी, गिट्टी और मलबे का फर्क मिटा कर जैसे-तैसे सड़क बनाई जा रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क कितना टिकाऊ होगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जजावल मुख्य मार्ग से छोटे वाहन सहित कई यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में घटिया सड़क निर्माण से सड़क की हालत कुछ दिनों बाद ही पूर्व की भांति बदहाल हो जाएगी। बारिश के बाद सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई और सड़क की हालत खराब होने से कुछ माह पूर्व लंबे समय से की जा रही मांग के बाद करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण शुरू किया गया। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होने की आस जगी लेकिन घटिया सड़क निर्माण ने लोगों के आस पर पानी फेर दिया है।जिस तरह से सड़क गुणवत्ताहीन बनाई जा रही है उससे कुछ माह बाद फिर से सड़क पूर्व की भांति जर्जर हो जाएगी। क्षेत्र के लोगों ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता की जांच करने तथा जांच उपरांत दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सड़क का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

**निरीक्षण में पाया गुणवत्ताहीन निर्माण**

जजावल मार्ग पर बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि बीडीसी चंद्रदेव सिंह, सरपंच मंगल सिंह, सूरज लाल यादव, सुदामा यादव, गोवर्धन राजवाड़े, राम अवतार, बैजनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद, कमलेश, थानेश्वर प्रसाद, शंभू सिंह सहित अन्य ने मौके पर सड़क की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता घटिया पाई गई। जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण करने तथा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों को कहना है कि मौके पर न कोई अधिकारी है न कोई इंजीनियर द्वारा सड़क की गुणवत्ता की गुणवत्ता की जांच की। ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता की जांच कि जाने की मांग की है।

**लंबे समय बाद बन रही सड़क**

जजावल मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण लंबे समय बाद की जा रही है। पूर्व में इन सभी गांव में नक्सली गतिविधियां थी तब से लेकर आज तक यहां का सड़क निर्माण की मांग ग्रामीण करते आ रहे थे। जजावल गांव में पूर्व में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर रुका था तभी सड़क निर्माण की मांग की गई थी तब से लेकर आज तक गांव वालों को सड़क निर्माण के लिए इसका लंबा इंतजार करना पड़ा था। अब जब प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाई जा रही है तो निर्माण इतना घटिया है कि मानक अनुरूप नहीं किया जा रहा है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

**अनियमितता की मिली है शिकायत**

जजावल मार्ग पर बन रही सड़क को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है तो इसके लिए टीम गठित कर जांच की जाएगी। जांच उपरांत ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-आरपी महेश्वरी
ईई प्रधानमंत्री सड़क योजना



## मंत्री राजवाड़े ने किया पुल निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरमताल और कुसमुसी में लगभग 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाए जा रहे उच्चस्तरीय पुल एवं पुलिया निर्माण कार्यों का आज महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देशन एवं पहल पर यह बहुप्रतीक्षित कार्य प्रारंभ हुआ है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन और विकास को नई दिशा मिलने वाली है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार दोनों स्थानों पर निर्माण कार्य पूरे होने के बाद क्षेत्र के 16 से अधिक गांवों के लगभग 16 हजार से अधिक ग्रामीण प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। पुल निर्माण से दूरस्थ गांवों का जिला मुख्यालय, तहसील व जनपद मुख्यालयों के साथ संपर्क मजबूत होगा तथा बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। इन परियोजनाओं के शुरू होने से भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास की रफ्तार तेज होगी और स्थानीय लोगों के लिए आवागमन, व्यापार और दैनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम बिरमताल और कुसमुसी में भूमिपूजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य कुसुम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, रामू गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्कूटी भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम चंद्रमेढ़ा पकनी निवासी पुरुषोत्तम आ. स्व. कवल साय (54 वर्ष) सोमवार की शाम भाई शोभरन के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 11 बीजे 2686 से खेत की ओर जा रहे थे। जैसे ही पकनी चौक से सड़क की दूसरी ओर जा रहे थे तभी स्कूटी क्रमांक सीजी 29 एएच 8560 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों स्कूटी सवार घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुरुषोत्तम के परिजन ने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरां उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का दूसरे अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जिला स्तरीय आवासीय कुडो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

**रामानुजगंज।** विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र भवन सनावल में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय कूड़ो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर बलरामपुर जिले के सभी विकासखण्ड से लगभग 250 से 300 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। शिविर का जिसका उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा की भावना, आत्मविश्वास और मानसिक सशक्तिकरण एवं नशा मुक्ति,स्वच्छता और जन–जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और सुरक्षित बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन के चेयरमैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन समिति एवं डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास दोहरे एवं सचिव दिलीप गुप्ता व अमन गुप्ता साथ ही मुख्य प्रशिक्षक सेंसई रोशन लाठिया के नेतृत्व में हुआ। समिति अध्यक्ष विकास दोहरे ने समस्त अतिथियों, प्रशिक्षकों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया। इस दौरान बुधीनारायण गुप्ता, सुखदेव सिंह, अभिषेक पुशाम, प्रदीप शांडिल्य, शिवशंकर यादव , रामचंद्र ठाकुर, रोशन लकड़ा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

- खिलाड़ियों ने दिखाया आत्मविश्वास और नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

## हैंड हाइजीन व संक्रमण रोकथाम हेतु नर्सिंग स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सी ए न ई सेल की ओर से मंगलवार को हैंड हाइजीन एवं संक्रमण रोकथाम विषय पर सफाई कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ एवं नर्सिंग छात्राओं के लिए जागरूकता एवं कौशल संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थान में स्वच्छता, सुरक्षित कार्य पद्धतियों और एचआईवी-एड्स संबंधी वैज्ञानिक जानकारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने की। उन्होंने अस्पताल में संक्रमण रोकथाम के लिए हाथ स्वच्छता की अनिवार्यता और स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने एड्स से संबंधित जानकारी, इसके कारण, रोकथाम, मिथक एवं वास्तविकताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को नवीनतम दिशानिर्देशों और जागरूकता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के अगले चरण में वीएम टेक्नो के विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा नर्सिंग स्टाफ और सफाई कर्मचारियों को प्रिवेंशन, प्रीकॉशन्स, हैंड हाइजीन प्रोटोकॉल एवं सुरक्षित कार्य व्यवहार पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। सीएनईसेल ने सभी प्रतिभागियों को जागरूकता अभियान का हिस्सा बनने और संक्रमण मुक्त, सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के संकल्प के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीएनई सेल की सदस्य सचिव प्रिया परीडा ने किया। इस अवसर पर उप अधीक्षक डॉ. बीआर सिंह, मैट्रन सीएस लाल, डाइटिशियन सुमन सिंह, सीएनई सेल की अध्यक्ष दीपिका तिर्की तथा सेल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

- विश्व एड्स दिवस पर सीएनई सेल ने किया जागरूकता कार्यक्रम



### एचआईवी से लड़ाई, ज्ञान ही सुरक्षा, विश्व एड्स दिवस पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**शंकरगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार राय के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम ने छात्रों को एचआईवी की जटिलता, वैज्ञानिक संरचना, संक्रमण तंत्र और बचाव के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया। वालेंटियरों नूरे शब्बा, लेखा मैत्री, निकिता केरकेट्टा और मोनिका सिंह ने एचआईवी की वैज्ञानिक संरचना को छात्रों के लिए सरल, रचनात्मक और उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया। रेड क्रॉस प्रभारी सुरेश रवि ने युवाओं को संवेदनशील बनाते हुए बताया कि तेज रफ्तार जीवन, गलत जानकारी, झिझक और नियमित स्वास्थ्य जांच न कराना, यही कारण हैं कि युवा एचआईवी का सबसे आसान लक्ष्य बन जाते हैं। इस दौरान मनीषा कुजूर, अभयदीप भगत, मारियानुष इक्का, अखिलेश सिंह, शालिनी सिंह, विद्यावती सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल सरदार आ. बवेन सरदार निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 212/1 रकबा 0.570 हे. भूमि में से 05 डिसमिल भूमि को अनावेदक रमेश राय आ.स्व. फूलचंद राय निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 7,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 24.12.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 06/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

### एथलेटिक्स में साई कॉलेज की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। ऊंची कूद में लक्ष्मी राजवाड़े, ट्रिपल जम्प में खुशबू रानी सिंह और 200 मीटर लम्बी दौड़ में ममता राजवाड़े प्रथम रहीं वहीं लम्बी कूद में खुशबू रानी सिंह द्वितीय स्थान हासिल किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य एजेन टोप्पो ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्तरीय क्वान किडो चैंपियनशिप में मुकेश ने जीता स्वर्ण पदक

**सूरजपुर।** जिले के तेलसरा जैसे छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाले मुकेश कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण की

बदौलत एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम मल्टीप्लेक्स हॉल में 29 और 30 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय क्वान किडो चैंपियनशिप में जहां पूरे राज्य के लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इस टूर्नामेंट में 53 किलोग्राम भारवर्ग पुरुष में मुकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

### पीएम श्री जयनगर में नवपदस्थ प्राचार्या पुष्पा राय ने पदभार ग्रहण किया

**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में सोमवार को नई प्राचार्या श्रीमती पुष्पा राय ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है,पदभार ग्रहण के दौरान पूर्व प्राचार्य विरेन्द्र जायसवाल ने औपचारिक रूप से उन्हें प्रभार सौंपते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया,इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रीमती पुष्पा राय को उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं,नवपदस्थ प्राचार्या पुष्पा राय ने पदभार ग्रहण करने उपरांत विद्यालय के शैक्षणिक विकास,विद्यार्थियों की प्रगति और अनुशासन को सर्वोपरि रखने की बात कही तथा सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

### लक्ष्मी गुप्ता बनाए गए कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक

**अंबिकापुर।** छग तेलघानी विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मी गुप्ता को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का राष्ट्रीय समन्वयक

बनाया गया है। वर्तमान में लक्ष्मी गुप्ता पिछड़ा वर्ग कांग्रेस सरगुजा जिला के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे थे। लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय समन्वयक का नया दायित्व मिला है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव जी, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का हृदय से आभार है। हम सब मिलकर कांग्रेस एवं पिछड़ा वर्ग की आवाज को बुलंद और स्थापित करने के लिए मेहनत करेंगे। लक्ष्मी गुप्ता की नियुक्ति से हर्ष का माहौल व्याप्त है।

### डीएवी स्कूल में लगाई गई शैक्षणिक मॉडलों की प्रदर्शनी

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्या के मार्गदर्शन में शनिवार को जीव विज्ञान,रसायन विज्ञान,भौतिकी विज्ञान,गणित, सामाजिक अध्ययन,हिंदी,अंग्रेजी,कंप्यूटर साइंस,एवं कला विषयों के वर्किंग व स्टैटिक मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित की गई,जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी पूरी लगन व कड़ी मेहनत से मॉडलों व प्रोजेक्ट को साकार रूप दिया,यहाँ पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह के कर कमलों से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया,बिश्रामपुर के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों व अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शनी को देखा और बच्चों के प्रयास एवं क्रियात्मकता की सराहना की,यह प्रदर्शनी सभी आगंतुकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं आकर्षण का केंद्र रही,मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह व अन्य अतिथियों क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेन्द्र नारायण सिंह,एसके शिंदे एपीएम बिश्रामपुर क्षेत्र एवं गणमान्य अतिथियों का विद्यालय प्राचार्या एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा सैपलिंग भेंटकर स्वागत किया गया,इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को विज्ञान के साथ-साथ विविध विषयों को समझने में सहायक सिद्ध होगी और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगी,इससे प्रेरित होकर विद्यार्थी अपने जीवन को नई दिशा प्रदान कर पाएंगे,कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा मिश्रा ने किया।

### तीन दशक पूर्व सिंचाई के लिए किया गया था निर्माण

# अनुपयोगी होने के बाद कचरे से पट गई करोड़ों की पक्की नहर, लोगों ने जगह-जगह जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कचरे से पटी नहर।

तीन दशक पूर्व किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई कपड़ों की पक्की कैनाल प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। कैनाल को कचरादान बनाने के साथ ही लोगों ने ज ग ह - ज ग ह कब्जा कर लिया है। जल संसाधन विभाग कैनाल के माध्यम से सिंचाई सुविधा विस्तार करने की योजना बना रहा है वहीं ननि ने जगह-जगह की नालियों को कैनाल से जोड़ दिया है। कैनाल में गंदगी भरने के कारण दुर्गंध से लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- अब गंदगी का अंबार, दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल

तीन दशक पूर्व तक महामाया पहाड़ से सटे बड़े इलाके में सालोभर अच्छी खेती होती थी। किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने जल संसाधन विभाग द्वारा नहर बनाई थी तथा नियमित बांकी बांध से पानी की आपूर्ति की जाती थीं। सिंचाई जरूरतों को देखते हुए वर्ष 1990 में नहर का पक्कीकरण कराया था ताकि खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। धीरे-धीरे शहर का विस्तार होता गया तथा खेतों में पानी आबादी बस गई। खेती बंद होने के कारण नहर की उपयोगिता लगभग खत्म हो गई है। इधर उपयोग बंद होने पर अब नहर कचरादान बन गई है। आसपास में निवासरत लोग नहर में ही घरों का कचरा फेंकते हैं। नगर निगम ने भी नहर में शहर की नालियों को जोड़ दिया है जिससे शहर का गंदा पानी एवं कचरा भर गया है। नहर में चारों तरफ झाड़ियां उग आई है। ननि दशकों से नहर का उपयोग गंदा पानी निकासी के लिए कर रहा है लेकिन कभी इसकी साफ-सफाई नहीं कराई। गंदगी एवं दुर्गंध के कारण आसपास में निवासरत ग्रामीणों का बुरा हाल है। लोगों ने जगह-जगह नहर पर कब्जा भी कर लिया है तथा कहीं नहानी तो कहीं गैरज बना दिया है। क्षेत्रवासी नहर के रास्ते ही आवागमन भी करते हैं लेकिन दशकों का समय गुजरने के बावजूद इस नहर के उपयोग की योजना अब तक नहीं बनाई जा सकी है। क्षेत्रवासी लम्बे समय से नहर पर सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं वहीं जल संसाधन विभाग इसके विस्तार की योजना बना रहा है। महामाया मंदिर के निकट से श्रीगढ़ तक 2 किमी लंबी नहर गंदगी से पट गई है।

#### खैरबार तक होती है सिंचाई

इस नहर के माध्यम से ग्राम पंचायत खैरबार तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। आगे की नहर के कचरा से पट जाने के कारण आपूर्ति बंद है। आगे के क्षेत्र में खेती सिमटने के कारण सिंचाई की जरूरतें भी खत्म हो गई है। विभाग अब ग्राम लुचकी, कंठी, खाला तक नहर का विस्तार करने की योजना बना रहा है। विभाग ने अपने अस्तित्व को बचाने के संकट से जूझ रहे लुचकी नाले को भी जिंदा करने की भी योजना बनाई है तथा शासन को प्रस्ताव भेजा है। डिहिलॉक्स स्कूल के पास पुल बनाकर नाले को कैनाल फीडर से जोड़ने की योजना है। लुचकी नाला में पानी भरने पर 10-12 किमी क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

#### साफ-सफाई का विरोध

गंदगी एवं दुर्गंध से परेशानी होने के बावजूद क्षेत्रवासी नहर की साफ-सफाई का विरोध कर रहे है। कुछ महीने पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से नहर की सफाई कराने की योजना बनाई थी लेकिन जैसे ही सफाई शुरू की गई क्षेत्रवासी इसका विरोध करने लगे। वार्डवासियों के भारी विरोध के कारण विभाग को सफाई का कार्य रोकना पड़ा। शहर के लिए नहर काफी उपयोगी साबित हो सकती है लेकिन इसके लिए अब तक कोई पहल प्रारंभ नहीं हो सकी है। इस संबंध में कोई भी निर्णय शासन स्तर पर होने के कारण ननि बंद नहर का उपयोग तो कर रहा है लेकिन इसके अधिग्रहण के लिए पटल नहीं कर रहा है वार्डवासियों का कहना है कि नहर के ऊपर सड़क बनने से क्षेत्रवासी गाड़ाघाट, खैरबार के रास्ते कम समय में सोनपुर से खरसिया चौक तक का सफर कर सकेंगे। नहर की दूसरी तरफ महामाया पहाड़ एवं खैरबार जंगल होने के कारण इस क्षेत्र में चौपाटी सहित अन्य छोटे व्यवसाइयों की संभावना बढ़ सकती है।

#### विस्तार का बना रहे प्रस्ताव

पक्की नहर में कचरा पटने के साथ ही लोगों ने जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया है। नहर को कंठी, खाला तक विस्तार करने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा तथा स्वीकृति मिलते ही अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

-एपी निरंजन, जल संसाधन विभाग

# पीएमओ कार्यालय में शिकायत उपरांत प्रबंधन हरकत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

रेहर भूमिगत खदान में कर्मचारियों के खिलाफ प्रधानमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत ने अब बड़ा सामाजिक और आर्थिक संकट रूप ले लिया है। जहां अधिकांश मजदूरों को यूनियन के हस्तक्षेप के बाद काम पर वापस लौटा दिया गया है, वहीं अब कर्मचारियों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है।

प्रधानमंत्री के पोर्टल में शिकायत उपरांत एसईसीएल प्रबंधन द्वारा रेहर खदान में कार्यरत सूरजन आ. मोहर साय, भग्गू आ.गेदला, लालदेव आ. वासुदेव, विजय आ. घासी, हसतम आ. राजूराम, रतीराम आ.जगमोहन, वंशू आ. बाबूलाल, भुकनाथ आ. वालम, कृपाल सिंह आ. अर्जुन, हीरालाल आ. जुलुग, शिवबालक आ. रामदेव, बीरबल आ. मोहरलाल, प्रेमसाय आ. दलसाय, माझी सहित कई कर्मचारियों को कार्य से बैठा दिया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चमरू राम आ. प्राणसाय और रामचंद्र आ. देवसाय जैसे अब दिवंगत कर्मचारियों के नाम भी शिकायत में दर्ज किए गए हैं। प्रधानमंत्री पोर्टल में दर्ज कराई गए शिकायत में शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि कई कर्मचारी स्वयं कार्य करने में असमर्थ हैं और अपनी असली ड्यूटी की जगह अपने पुत्रों या रिश्तेदारों को खदान में भेजते हैं। इस पूरे मामले में प्रबंधन भी मौन सहमति देता है। बताया जा रहा है अधिकांश मजदूर दुर्घटनाओं में घायल होने के कारण खदान के भीतर कार्य करने योग्य नहीं हैं। शिकायत की सूचना पर शुरू हुए जांच के बाद रेहर खदान प्रबंधन ने सभी शिकायत के शिकार हुए कर्मचारियों को काम से बैठा दिया है। जिससे मजदूर परिवारों पर संकट गहरा गया है। स्थानीय कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और प्रबंधन के बीच सांठगांठ कर बेबुनियाद शिकायत को आधार बनाकर मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा सरफेस में कार्यरत सभी कर्मचारियों को चिन्हांकित कर कर्मचारियों को दिए गए भूमिगत भत्ता की कटौती की जा रही है एवं ऐसे कामगार जो अस्वस्थ लग रहे हैं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में करवाया जा रहा है। साथ ही भूमिगत रोल के कर्मचारी जो काम करने में असक्षम हैं, उन्हें बिलासपुर स्पेशल मेडिकल बोर्ड में भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की बात कही जा रही है। अब पीएमओ कार्यालय में शिकायत के बाद प्रबंधन हरकत में आकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिससे प्रबंधन व श्रमिक नेताओं के बीच तनातनी की स्थिति निर्मित हो रही है।

# हंगामे और विरोध के बीच पूर्ण हुई सपनादर में जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के कंडराजा के बाद मंगलवार को ग्राम सपनादर में खुलने वाले नए बॉक्साइट खदान को लेकर भी जमकर हंगामा व विरोध प्रदर्शन हुआ। पर्यावरणीय जनसुनवाई में बाहरी लोगों को शामिल किए जाने का आरोप लगाकर लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान झूमाझटकी तक की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया। दिनभर चले भारी हंगामे के बीच जनसुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें भी महज 277 लोगों ने अपने विचार रखे है और इनमें से लगभग 95 प्रतिशत ने अपनी ओर से खदान खोले जाने पर असहमति जताई है।

बता दें कि मैनपाट विकासखंड के ग्राम कंडराजा और सपनादर में मेसर्स कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. को बॉक्साइट खदान खोले जाने को स्वीकृति दी गई है। कंडराजा में 135.223 हेक्टेयर क्षेत्र में बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है जिसके लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई 30 नवम्बर को हुई जबकि सपनादर में 171.136 हेक्टेयर भूमि पर बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है। 2 दिसंबर को

#### पूरी हुई जनसुनवाई

सपनादर में प्रस्तावित बॉक्साइट खदान के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई पूर्ण कर ली गई है। सपनादर में लगभग 171 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। 277 लोगों ने मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार रखे है। पर्यावरणीय जनसुनवाई में ग्राम सभा का प्रावधान नहीं है इसकी जानकारी सभी को दी गई है। अब परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-सुनील नायक, अपर कलेक्टर सरगुजा

सपनादर में होने वाले बॉक्साइट खनन हेतु पर्यावरणीय जनसुनवाई की गई। अपर कलेक्टर सुनील नायक की अध्यक्षता में जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रक्रिया शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों ने जनसुनवाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के साथ ही बिना ग्राम सभा के ही जनसुनवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने जन सुनवाई स्थगित करने की मांग की। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि जनसुनवाई में बाहरी लोगों को बुलाया गया है। बहारी लोग आकर खदान खोलने का समर्थन कर रहे है। इस दौरान लोगों ने कुछ बाहारी लोगों को मौके पर पकड़ भी लिया उसके साथ झूमा-झटकी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना था है कि जनसुनवाई की सूचना ग्रामीणों को नहीं दी गई और कोई ग्राम सभा हुई। मैनपाट में बॉक्साइट उत्खनन से पर्यावरण को सीधा नुकसान होगा और जल स्त्रोत पर इसका असर पड़ेगा। कंपनी खनिज निकालकर बड़े बड़े गड्ढे छोड़कर चली जाती है। खनन से मैनपाट में पर्यटन को नुकसान होगा और यहां के भोले भाले आदिवासियों का शोषण किया जाएगा। भारी गहमा गहमी और हंगामे के बीच देर शाम तक जन सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें 277 लोगों ने मौखिक और लिखित रूप से अपने विचार रखे है।

### अवैध धान लोड़ दो पिकअप को पुलिस ने पकड़ा

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में बाहरी राज्यों से धान की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी कडी में सोमवार को बसदेई चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पिकअप क्रमांक सीजी 15 सीवाई 2026 एवं सीजी 29 एएफ 3433 में अवैध रूप से धान लोड़ कर बिना टोकन के धान ले जाते पकड़ा। आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम भैयाथान को सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई में आरक्षक रामकुमार केंवट व सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

# अवैध रेत परिवहन कर रहे तीन वाहनों को राजस्व व पुलिस ने किया जब्त

**लखनपुर।** लखनपुर उदयपुर के सीमा स्थित रेड नदी से रेत माफियाओं द्वारा रेत का उत्खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसकी शिकायत ल गा ता र प्रशासन को मिली थी। ए स डी ए म वन सिंह सिंह नेताम के मार्गदर्शन में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने ल ख न पु र थाने के सामने अवैध रेत परिवहन को लेकर 2 टीपर एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाया जाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल, थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक पीतांबर सिंह, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, रामकुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

### ग्रामीण ने वन विभाग के कर्मचारियों पर लगाया घर में चोरी करने का आरोप

**धौरपुर।** ग्राम कर्रा निवासी ग्रामीण ने वन विभाग में पदस्थ कर्मचारियों पर सूने घर घुस कर अलमारी तोड़ नकदी सहित चांदी के जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ग्रामीण घटना की शिकायत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में धौरपुर अंतर्गत ग्राम कर्रा बकराताल निवासी विनोद कुमार खलखो ने बताया है कि 27 नवम्बर को घर में सिकडी लगाकर साप्ताहिक बाजार बरियों गया था। लगभग शाम 4 बजे पड़ोसी प्रमिल तिर्की ने फोन कर बताया कि घर में वन विभाग के प्रवीण गुप्ता एवं उनके साथ आए अन्य कर्मचारी ने सिकड़ी खोलकर अंदर घुसे थे और पड़ोसी के हस्ताक्षर कराकर चले गए। इधर मकान मालिक विनोद घर पहुंचा तो देखा सामान बिखरे हुए थे और अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। मकान मालिक के मुताबिक अलमारी में नगद 20 हजार एवं चांदी के कुछ जेवर थे जो गायब थे। मकान मालिक ने वन विभाग के कर्मचारी द्वारा चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

- पीड़ित ने की कलेक्टर एवं एसपी से शिकायत

# कार्मेल स्कूल में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार 29 नवंबर को एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ,आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा उपस्थित थे,विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि की उपस्थिति में प्रतियोगिता आरंभ कराई,विद्यालय के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की मुख्य अतिथि ने सलामी ली,यहाँ पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलकूद व मनोरंजन आवश्यक है,उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन व मन के लिए खेलकूद जरूरी है,आज के युवा पढ़ाई के अलावे खेलकूद के जरिए अपना कैरियर बना रहे हैं,उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यदि भविष्य में कुछ बनना है तो हमें अनुशासन का पालन करना होगा और इसके लिए विद्यार्थी जीवन से ही इसका अभ्यास व्यक्ति को करना चाहिए,उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी,विद्यालय प्राचार्य सिस्टर मार्लिन ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने प्रोत्साहित

कर उत्साहवर्धन किया,वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दौड़,लंबी कूद,रिले रेस सहित अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया,प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पदक और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया,आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त स्कूल मैनेजर सिस्टर डायना,खेल शिक्षक एसडी शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टॉफ सक्रिय रहे।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया गया स्वागत

**अम्बिकापुर।** कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा महाराष्ट्र से प्रारंभ हुई स्वदेशी संकल्प यात्रा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मंगलवार को अम्बिकापुर पहुंची। यात्रा के शहर आगमन पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण का आधार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। पहले देश की सुरक्षा के लिए हथियार आयात करने पड़ते थे, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के वैज्ञानिकों ने रक्षा उपकरणों का स्वदेशी उत्पादन आरंभ किया और आज भारत रक्षा क्षेत्र में निर्यातक देश बनकर उभरा है। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं कैट के संभाग प्रभारी शंकर बजाज ने भी सभा को संबोधित किया। इसके पश्चात यात्रा

शहर भ्रमण करते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहा महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प दिलाया और हरी झंडी दिखाकर यात्रा को अगले गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, अभिषेक सिंह, अजीत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अभिषेक जायसवाल, राकेश शुक्ला, रंजय स्वर्णकार, विन्नु जसवानी, अशोक नागवानी, संजय अग्रवाल, अजय तिवारी, गुलाब धनमानी, दिलीप रेलवानी, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### अचल संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के लिए निर्धारित गाइडलाइन से जनता में रोष : राजवाड़े

भैयाथान। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अचल संपत्तियों की खरीद–फरोख्त के लिए निर्धारित गाइडलाइन दरों में 20 प्रतिशत से लेकर 10 गुना तक की अभूतपूर्व बढ़ोतरी ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। मध्यवर्गीय परिवारों के सिर पर जमीन और मकान खरीदने का बोझ अचानक कई गुना बढ़ जाने से जनता में गहरा रोष दिखाई दे रहा है। सरकार के फैसले पर पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस निर्णय को तुगलकी फरमान बताते हुए आशंका जताई कि इसकी परिणति भी जीएसटी और नोटबंदी जैसी अव्यवस्था में हो सकती है। राजवाड़े ने कहा कि गाइडलाइन दरों की यह उछाल सीधे-सीधे जनता की पहुंच को खत्म कर देगी। गाइडलाइन दरें स्थानीय बाजार मूल्य से भी ऊपर पहुंच गई हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री शुल्क पहले से कई गुना अधिक चुकाना पड़ेगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736